प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- नई दिल्ली में आज प्रधानमंत्री जनमन पर जिला अधिकारियों का होगा राष्ट्रीय सम्मेलन।
- प्रदेश सिकलसेल स्क्रीनिंग कार्ड वितरण में पूरे देश में अव्वल। अब तक करीब 60 प्रतिशत कार्ड का हुआ वितरण।
- पुणे में कल निवेशकों को आकर्षित करने के लिए होगा इंटरेक्टिव सत्र। मुख्यमंत्री होंगे शामिल।
- आईसीसी अंडर 19 महिला क्रिकेट 20–20 विश्वकप में आज भारत का सामना मलेशिया से।

प्रधानमंत्री जनमन सम्मेलन

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री जनमन पर जिलाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में छह प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिनमें ग्रामीण विकास आवास और सड़क, छात्रावास (स्कूल), पेयजल, आंगनवाड़ियों का संचालन और बहुउद्देश्यीय केंद्रों का संचालन शामिल है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने बताया है कि 18 राज्यों के कुल 88 जिले चर्चा में शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री जनमन को लागू करने की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

प्रधानमंत्री – ट्रंप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोनल्ड ट्रंप को अमरीका के 47वें राष्ट्रपति का पदभार संभालने पर शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों देशों के हित और विश्व के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते एक बार फिर अमरीका के साथ मिलकर काम करने के उत्सुक है। डोनल्ड ट्रंप ने कल वाशिंगटन में अमरिका 47वें  राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

मंत्रीपरिषद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2025 मालवा की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या देवी का 300वां जयंती वर्ष है। उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में पूरे वर्ष अलग–अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रि–परिषद की अगली बैठक लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित की जाएगी। बैठक 24 जनवरी को लोकमाता की राजधानी रही धार्मिक नगरी महेश्वर में होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैठक में जनकल्याण से जुड़ी कई नवीन योजनाओं को मंजूरी दी जाएगी। हमारे खरगोन संवाददाता ने बताया कि कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्रिपरिषद की बैठक के संबंध में चर्चा की। 24 जनवरी को मुख्यमंत्री अहिल्या घाट पर नर्मदा पूजन के कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

मानव–पशु–संघर्ष

प्रदेश में जानवरों और इंसानों के बीच टकराव को टालने में आकाशवाणी अहम भूमिका निभा रही है। हाथी, बाघ और तेंदुओं सहित वन्यजीवों की आवाजाही के बारे में लोगों को सचेत करके आकाशवाणी शहडोल ने एक नई पहल की है। इससे मानव–पशु टकराव और उससे जुड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

वीओ – संजीव शर्मा

आकाशवाणी शहडोल ने शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले के ग्रामीणों को न केवल हाथी, बाघ और तेंदुए के आने के बारे में सचेत करना और शिक्षित करना शुरू कर दिया है, बल्कि उनसे सामना होने पर क्या करें और क्या न करें, इस बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

आकाशवाणी शहडोल के कार्यक्रम प्रमुख अविनाश दिवाकर ने बताया कि इस तरह के अलर्ट और ऑडियो क्लिप को लोकप्रिय कार्यक्रमों खासकर संगीत और किसानों से जुड़े कार्यक्रमों के साथ प्रसारित किया जा रहा है।

बाइटः अविनाश दिवाकर

मुख्य वन संरक्षक, शहडोल अजय पांडे ने बताया कि हालांकि यह पहल नई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके नतीजे सामने आ रहे हैं।

बाइटः अजय पांडे

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान कुंभ वाणी चैनल के शुभारंभ से लेकर मध्य प्रदेश में आकाशवाणी स्टेशनों के इन नवाचारों ने आम लोगों की बेहतरी के लिए आकाशवाणी की भूमिका को नए सिरे से रेखांकित किया है।

शहडोल से अरविंद पांडे के साथ, संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

<u>सिकलसेल–मप्र प्रथम</u>

प्रदेश ने सिकल सेल स्क्रीनिंग अभियान में अपने वार्षिक लक्ष्य को समय से पूर्व पूरा कर लिया है। प्रदेश में अब तक कुल 90 लाख 98 हज़ार 902 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। साथ ही 53 लाख 87 हज़ार 892 सिकल सेल कार्ड (59.21 प्रतिशत) वितरण की उपलब्धि दर्ज कर, देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय समयसीमा के भीतर प्रदेश को सिकल सेल मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि जिन लोगों की पहचान सिकल सेल से प्रभावित के रूप में हुई है, उन्हें सही समय पर उपचार मिले।

<u>महाकुंभ  अग्नि सुरक्षा</u>

सरकार ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान आग की घटनाओं से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। लाखों कल्पवासियों और करोड़ों श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाला मेला क्षेत्र व्यापक अग्नि सुरक्षा के बुनियादी ढांचे से सुसज्जित किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट .......

बाईट–आनंद कुमार

<u>महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्वकप</u>

आईसीसी अंडर–19 महिला क्रिकेट ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्वकप में आज ग्रुप ए के मुकाबले में भारत का सामना मेजबान मलेशिया से होगा। ये मैच कुआलालांपुर में दोपहर में शुरू होगा। इससे पहले रविवार को भारत ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया था। भारत फिलहाल ग्रुप ए में दो अंकों के साथ शीर्ष पर है।

<u>आनंद उत्सव'</u>

राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशानुसार इंदौर जिले में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत गांव–गांव पारम्परिक खेल आयोजित किये जा रहे हैं। इन आयोजनों में हर आयु वर्ग की व्यापक भागीदारी मिल रही है। यह आयोजन 28 जनवरी तक होंगे। इस आयोजन के तहत नगरीय क्षेत्रों में भी कार्यक्रम हो रहे हैं। महिलाएं एवं बुजुर्ग विशेष रूप से भाग ले रहे हैं। आनंद उत्सव के तहत चेयर रेस, रस्सा खीच, सितोलिया आदि पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही गिल्ली–डंडा, कबड्डी, खो–खो आदि आयोजन भी हो रहे हैं।

<u>प्रदेश सरकार–पुणे इंटरेक्टिव सत्र</u>

प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कल पुणे में इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन करने जा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुणे में 'मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर' पर आयोजित इंटरेक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर और कोयंबटूर में मिली सफलता के बाद पुणे का यह सत्र निवेशकों के लिए एक और सुनहरा अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से मध्यप्रदेश में औद्योगिक, पर्यटन, आईटी और अन्य क्षेत्र के लिए सकारात्मक वातावरण व संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग डिनर में शामिल होंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर–उज्जैन मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 2–2 लाख रुपए एवं गंभीर घायलों को 50–50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये हैं।
- समर्थन मूल्य पर किसान पंजीयन व उपार्जन कार्य में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिला स्तरीय तकनीकी दल का गठन किया है।
- अलीराजपुर में आज अलीराजपुर से खंडवा रेल मार्ग के अंतिम सर्वे का भूमि पूजन पश्चिम रेल विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में आयोजित होगा। इसमें ताप्ती नर्मदा रेल लाइन समिति के सदस्य भी शामिल होंगे।
- कटनी में कल जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन सामुदायिक भवन, सुधार न्यास कालोनी में किया गया।
- पन्ना में शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय व्याख्यान माला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।
- मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की सत्र 2025 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं–12वीं उर्दू माध्यम की परीक्षाओं के आवेदन–पत्र भरने की सुविधा भोपाल के अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से 20 जनवरी से शुरू हो गई है। जो 31 मार्च तक जारी रहेगी।
- खण्डवा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने रविवार को विकासखंड खालवा के ग्राम बखार में आयु सत्तर पार के आयुष्मान कार्ड की प्रगति देखी।
- डिंडौरी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किया जाएगा।

————————